
# Elasticity of Demand - (3)

[मांग की कीमत लोच की श्रेणियां]

## Degrees of Price Elasticity of Demand

कीमत में परिवर्तन के फलस्वरूप होने वाली मांग की प्रतिक्रियात्मक के आधार पर मांग की लोच को पांच श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है।


① सापेक्षतः लोचदार (Relatively Elastic Demand) → जब किसी वस्तु की कीमत में परिवर्तन होने के फलस्वरूप उसकी मांग में अधिक आनुपातिक परिवर्तन हो जाता है तब ऐसी वस्तु की मांग को सापेक्षतः लोचदार मांग कहते हैं।




$$\frac{\Delta Q}{Q} > \frac{\Delta P}{P}$$

classmate
Date
Page


(2) सापेक्षतः बेलोचदार मांग (Relatively Inelastic Demand) → जब किसी वस्तु की कीमत में परिवर्तन के फलस्वरूप उसकी मांग में कम आनुपातिक परिवर्तन होता है तो ऐसी वस्तु की मांग को सापेक्षतः बेलोच मांग कहते हैं अर्थात्




$$\frac{\Delta Q}{Q} < \frac{\Delta P}{P}$$


(3) इकाई लोचदार मांग (Unit Elasticity of Demand) → जब किसी वस्तु की कीमत में परिवर्तन के परिणामस्वरूप उसकी मांग में भी उसी अनुपात में परिवर्तन होता है तब ऐसी वस्तु की मांग को इकाई लोचदार मांग कहा जाता है। अर्थात्

$$\frac{\Delta Q}{Q} = \frac{\Delta P}{P}$$





Scanned by CamScanner

(4) पूर्णतः बेलोचदार मांग (Perfectly Inelastic Demand) :→ जब किसी वस्तु की कीमत के परिवर्तन के फलस्वरूप उसकी मांग में कोई परिवर्तन न हो, तो ऐसी मांग को पूर्णतः बेलोच मांग कहते है।




$$\frac{\Delta Q}{Q} = 0.$$

(5) पूर्णतया लोचदार मांग (Perfectly Elastic Demand) → जब किसी वस्तु की कीमत में नगण्य परिवर्तन होने पर भी मांग में अत्यधिक परिवर्तन होता है तब ऐसी वस्तु की मांग को पूर्णतया लोचदार मांग कहा जाता है।




$$\frac{\Delta P}{P} = 0.$$

Scanned by CamScanner